## एक नजर में

### नवागत कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने पदभार ग्रहण किया

### कार्यभार संभालने से पूर्व धारेश्वर मंदिर में की पूजा-अर्चना





**धार।** धार जिले के नवागत कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने आज विधिवत अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने से पूर्व उन्होंने जिले के धारेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने जिले की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जन-कल्याण के लिए मंगल कामना की। पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवागत कलेक्टर मीना कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचे। जहाँ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी, अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पाण्डेय सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात कलेक्टर श्री मीना ने कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न अनुभागों और कार्यालयों का भ्रमण कर अवलोकन किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे ।

### अधिकारी समय पर पूर्ण करें अपने लक्ष्य : मीना

**धार।** नवागत कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात आज कलेक्टर सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की पहली परिचयात्मक बैठक ली। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी और अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पाण्डेय सहित सभी विभागों के जिला प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया । बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर मीना ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकताएं ही प्रशासन की प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि समय-सीमा बैठकों में निर्धारित लक्ष्यों को तय समय के भीतर ही पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासन स्तर पर विभागीय सचिवों द्वारा नियमित समीक्षा की जाती है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी विभागीय योजनाओं और शासन की अपेक्षाओं के अनुरूप अपनी स्थिति स्पष्ट रखें ताकि जिले की रैंकिंग बेहतर हो सके। कलेक्टर ने अंतर्विभागीय समन्वय पर विशेष बल देते हुए कहा कि यदि किसी योजना के क्रियान्वयन में अन्य विभाग से संबंधित कोई समस्या आ रही है, तो उसे तत्काल बैठकों के माध्यम से सुलझाया जाए। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभाग की प्रमुख योजनाओं, चल रहे प्रोजेक्ट्स और वीसी (ङ्कष्ट) में दिए गए निर्देशों की जानकारी उपलब्ध कराएं। इससे जिले के विकास कार्यों की मॉनिटरिंग और शासन स्तर पर बेहतर प्रस्तुतीकरण में मदद मिलेगी ।जिले के बड़े प्रोजेक्ट्स का जिक्र करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, औद्योगीकरण, पर्यटन और आगामी बड़े आयोजनों को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार रहे। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह समझें ताकि जिले का प्रदर्शन हर क्षेत्र पर सकारात्मक बना रहे।

### धार प्रधान डाकघर में 9 मई को लगेगा विशेष आधार कैंप ; टोकन वितरण प्रारंभ

**धार।** आम नागरिकों को आधार संबंधी सेवाओं का सुलभ लाभ दिलाने के उद्देश्य से आगामी 9 मई को प्रधान डाकघर धार में एक विशेष आधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पोस्टमास्टर, प्रधान डाकघर धार द्वारा बताया गया कि यह शिविर सुबह 8 बजे से निरंतर शाम 6 बजे तक संचालित होगा। शिविर के माध्यम से नागरिकों को आधार कार्ड के नए पंजीयन और अपडेशन के लिए भटकना नहीं प?ेगा। विशेष कैंप के दौरान नए आधार नामांकन के साथ-साथ आधार कार्ड में सुधार एवं अपडेशन का कार्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर किया जाएगा। शासन की मंशानुसार, बच्चों के नए आधार बनाने तथा अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेशन का कार्य पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। इससे अभिभावकों को अपने बच्चों के आधार अपडेट कराने में विशेष सुविधा प्राप्त होगी। शिविर को व्यवस्थित रूप से संपन्न करने और नागरिकों की सुविधा के लिए टोकन व्यवस्था लागू की गई है। इच्छुक नागरिक आज ही प्रधान डाकघर पहुँचकर अपना अग्रिम टोकन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे निर्धारित तिथि (9 मई) को उनका कार्य सुगमता और शीघ्रता से पूर्ण हो सके। विभाग द्वारा अपील की गई है कि इस विशेष अवसर का अधिक से अधिक नागरिक लाभ उठाएं।

### डेली कंट्रोलर ट्रीटमेंट, अस्थमा में बेहतर नतीजों का सहारा

इंदौर . इस वर्ल्ड अस्थमा डे 2026 पर जब जीआईएनए एंटी-इंफ्लेमेटरी इनहेल्ड ट्रीटमेंट तक पहुंच की ज़रूरत पर ध्यान दिला रहा है . विशेषज्ञों ने भारत में अस्थमा केयर में एक बड़ा अंतर बताया है . मोटे तौर पर जरूरत देखभाल की उपलब्धता से कहीं ज़्यादा है . सिप्ला की 'बेरोक ज़िंदगी' और 'टफ़ीज़' जैसी पहल समय पर और सही देखभाल पाने के तरीकों को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता फैलाने की कोशिशों को आगे बढ़ा रही हैं . डॉ . पियू जैन, पल्मोनोलॉजिस्ट, ने कहा अस्थमा फेफड़ों की एक आम पुरानी बीमारी है जो सांस की नली में सूजन की वजह से होती है, और इसकी पहचान आमतौर पर घरघराहट, सांस लेने में तकलीफ, सीने में जकड़न और खांसी जैसे लक्षणों से होती है, जो समय के साथ और गंभीरता में अलग हो सकते हैं . इन लक्षणों और अंदरूनी सूजन को मैनेज करने में अक्सर इनहेलेशन थेरेपी शामिल होती है, जो दवा को सीधे सांस की नली में पहुंचाती है . इलाज में आमतौर पर लक्षणों से जल्दी राहत के लिए रिलीवर और लंबे समय तक मैनेजमेंट के लिए कंट्रोलर दवाएं शामिल होती हैं .

### फोर्स मोटर्स ने लॉन्च की नई फोर्स ट्रैवेलर एन रेंज

इंदौर . फोर्स मोटर्स लिमिटेड ने अपनी नई फोर्स ट्रैवेलर एन रेंज लॉन्च की है . यह नया मॉडल एंबुलेंस, स्कूल बस और डिलीवरी वैन जैसे कामों में उपयोग के लिए बनाया गया है . यह नई फोर्स ट्रैवेलर एन रेंज कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाती है . इसमें आराम, सुविधा, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और कुल लागत (मेंटेनेंस सहित) को कम करने पर ध्यान दिया गया है . नई फोर्स ट्रैवेलर एन रेंज के लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए फोर्स मोटर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रसन्न फिरोदिया ने कहा फोर्स ट्रैवेलर भारत में साझा यात्री परिवहन (शेयर्ड मोबिलिटी) का एक भरोसेमंद और स्थापित उत्पाद रहा है और यह अपने सेगमेंट में लगातार नेतृत्व कर रहा है . नई फोर्स ट्रैवेलर एन रेंज में हमने उन चीजों पर ध्यान दिया है जो वास्तव में जरूरी हैं . इसे बनाने में मालिकों, ड्राइवरों और यात्रियों से मिले सुझावों को शामिल किया गया है, ताकि आराम, इस्तेमाल में आसानी, भरोसेमंद प्रदर्शन और कम खर्च जैसे पहलुओं को बेहतर किया जा सके .





# जल गंगा अभियान में नदी तट पर श्रमदान



**धार। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत धार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता हेतु प्रभावी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क?ी में विकासखंड गंधवानी के सेक्टर जीराबाद अंतर्गत ग्राम बडिया में नवांकुर संस्था वासली आदर्श सेवा समिति द्वारा सुक्कड़ नदी के गहरीकरण और साफ-सफाई का कार्य सफलतापूर्वक किया गया।**

इस अवसर पर जल पूजन के उपरांत जल चौपाल का आयोजन हुआ, जिसमें ग्रामीणों को जल संवर्धन के प्रति जागरूक करते हुए जीवन में जल की बचत करने का सामूहिक संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक दयाराम मुवेल, संस्था अध्यक्ष भारत डोडवे, मानसिक कवचे एवं सचिव नरसिंह सहित अन्य सदस्यों ने मार्गदर्शक भूमिका निभाई।

वहीं दूसरी ओर, विकासखंड मनावर के सेक्टर सिंघाना के ग्राम मलवाड़ा घाट पर माँ नर्मदा के पावन तट पर जल स्त्रोत सेवा समागम का आयोजन किया गया। यहाँ उपस्थित श्रद्धालुओं और नवांकुर संस्था के सदस्यों ने माँ नर्मदा की विधिवत पूजा-अर्चना की और घाट परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया। जन-जागरूकता हेतु दीवारों पर प्रेरक नारे लिखे गए और उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। सभी ने कार्यक्रम की जमकर सराहना की।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर लगाया स्वास्थ्य शिविर






**धार । विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे रेडक्रॉस सप्ताह के अंतर्गत, जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से आज जिला भोज चिकित्सालय, धार में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर कलेक्टर के विशेष निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरूद्धह्र) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।**

शिविर के दौरान कुल 62 मरीजों का पंजीयन कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला चिकित्सालय के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु वरमंडले एवं डॉ. दिनेश चौधरी ने मरीजों की गहन जांच की और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय उपचार के साथ-साथ बेहतर जीवनशैली के लिए परामर्श प्रदान किया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करना और उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना था ।इस सेवा कार्य में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. रमाकांत मुकुट, जिला प्रतिनिधि विशाल निगम, और प्रबंध समिति के सदस्य अन्तरसिंह यादव, शैलेन्द्र तिवारी, विश्वनाथ दुबे एवं दीपक जायसवाल उपस्थित रहे।

# अवैध लकड़ी से भरा आयशर वाहन जब्त



**धार। धार वन मण्डल में लकड़ी तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में मुखबिर की सटीक सूचना पर वन मण्डल अधिकारी (ष्ठस्नह्र) श्री विजयानंथम टी. आर. के मार्गदर्शन में वन विभाग की टीम ने रात्रि में घेराबंदी कर अवैध लकड़ी परिवहन कर रहे एक आयसर वाहन को पकड़ने में सफलता हासिल की है।**

वन परिक्षेत्र अधिकारी सचिन सयदे ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक वाहन में अवैध लकड़ी ले जाई जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल गश्ती एवं चेकिंग दल का गठन किया गया। टीम ने मानपुर-इंदौर रोड पर स्थित होटल मनाल (पीथमपुर) के पास घेराबंदी की। इस दौरान आयसर वाहन क्रमांक एमपी 09- 7054 को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में अडकाट लकड़ी भरी पाई गई।

वाहन चालक से लकड़ी की कटाई एवं परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे जाने पर वह कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए वाहन को जब्त कर वन परिक्षेत्र कार्यालय धार लाया। जब्त लकड़ी अनुमानित 7 टन (बाजार मूल्य लगभग 30 हजार रुपये) व वाहन का मूल्य अनुमानित 6 लाख रुपये पाया गया। वर्तमान में वन विभाग द्वारा संबंधितों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

इस सफल कार्रवाई में वन स्टाफ के रामसिंह कनेल, महेन्द्र डामरे, जीतेन्द्र चौधरी, रितेश त्रिवेदी एवं लक्ष्मण सिंह भवेल (वन रक्षक परिक्षेत्र धार एवं मांडव) का विशेष योगदान रहा। कार्रवाई जारी रहेगी।

# श्रद्धालय वृद्धाश्रम की बुजुर्ग महिलाओं ने बनाया भोजन



धार। घर परिवार की तरह वृद्धाश्रम में भी वृद्धजनों को भोजन प्रसाद चाय नाश्ता तैयार मिलता है। हम भी कर सकते है विचार के साथ माह में एक बार भोजन प्रसाद करेंगे हम तैयार अभियान में 20 तारीख को आश्रम के पुरुषों ने स्वयं भोजन बनाया व सबको खिलाया। उसी तर्ज व नवाचार की तरह श्रद्धालय वृद्धाश्रम की वृद्ध महिलाओं ने 5 तारीख को भोजन प्रसाद बनाने का कार्य कर दिखाया। दाल, चावल, सब्जी सलाद व रोटी के साथ मनपसंद दही बड़े चटनियों के साथ अपने लिए व अपनों के लिए बनाए। पहले सबको खिलाया अंत में बनाने वालों ने खाया। नियमित भोजन प्रसाद बनाने वाले कर्मचारियों ने भी स्वाद व समय पर भोजन प्रसाद बनाने पर वृद्धजनों का आभार व्यक्त किया, प्रसन्नता व्यक्त की। श्रद्धालय वृद्धाश्रम संचालन समिति संस्था भोज शोध संस्थान के संस्थापक डॉ दीपेंद्र शर्मा व सत्कार अधिकारी जयन्त जोशी, योगाचार्य रामकिशोर पांडेय ने इस नवाचार को सक्रिय वृद्धजनों की एक नव सामर्थ्य बताया। प्रबंधन टीम की रानी पंवार व विद्या गुंजाल ने सभी वृद्धजन महिलाओं का प्रोत्साहन किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकी मक्कड़ ने दी।

### ताइक्वांडो में धार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**धार।** केंद्रीय विद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन बालक वर्ग के लिए जोन नंबर-2 ग्वालियर एवं बालिका वर्ग हेतु जोन नंबर-2 भोपाल में किया गया। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 480 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें में धार जिले के 3 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम गौरवान्वित किया ।बालक वर्ग अंडर-19 के 63 किलोग्राम भार वर्ग में ओम डावर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग में मोहल शर्मा ने अंडर-17 के 42 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। दीक्षा डावर ने अंडर-19 के 44 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया। अंडर-14 के ख्याति सिंह राणा ने कांस्य पदक प्राप्त कर गौरव बढ़ाया।

## एक नजर में

### किसानो के साथ छलावा कर रही भाजपा सरकार - जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी

# किसानों के समर्थन में कांग्रेस का जनआंदोलन खलघाट में

**धार। प्रदेश कांग्रेस के अवहान पर 7 मई 2026 को खलघाट मे विशाल किसान आंदोलन किया जायेगा किसानों कि गेहूं तुलाई गेहूं उर्पाजन केन्द्र पर समय पर नही होने कि वजह से किसान परेशान है किसानो को स्लाट बुकिंग के नाम पर तुलाई के नाम पर विलंब करके भाजपा कि सरकार किसानो को परेशान कर रही है किसानो को समय पर खाद नही मिलता समय पर बिजली नही मिलती है उक्त बात धार जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी ने पत्रकार वार्ता में कहीं।**

जोशी ने बताया की कांग्रेस एवं किसानों की स्पष्ट मांगे है कि किसानों को भावान्तर का पूरा भुगतान मिले और पुराना भुगतान भी पूर्ण रूप से अदा किया जाए। हर किसान की फसल की समर्थन मूल्य पर गांरटीड खरीद हो। 7 दिन के भीतर फसल उर्पाजन के भुगतान की कानूनी गारंटी। उर्पाजन केन्द्रो की संख्या और क्षमता दोगुनी की जाए। उर्पाजन केन्द्रो पर तुलाई की मात्रा 2250 क्विंटल से बढाकर 5000 क्विंटल प्रतिदिन की जाए। खाद बीज और जूट बैग की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित हो। नरवाई नियमों मे व्यवहारिक सुधार हो ओर दण्डात्मक कार्यवाही पर रोक लगे। कर्ज माफी और ब्याज राहत का स्पष्ट रोडमेप बताए।। बीमा और मुआवजा भुगतान की समय सीमा तय हो।



मध्यप्रदेश का किसान आज यह सवाल पूंछ रहा है मेहनत मेरी फसल मेरी तो व्यवस्था किसकी कांग्रेस यह साफ संदेश देना चाहती है कि किसान के साथ अन्याय अब और नही चलेगा यह सिर्फ आंदोलन नही अधिकार नही अधिकार की लडाई है अगर सरकार से सुधार नही किया तो यह आक्रोश सडको से निकलकर सत्ता के दरवाजे तक पहुंचेगा। इन सब बातों को लेकर किसान के सर्मथन मे कांग्रेस पार्टी द्वारा धार जिले के खलघाट मे किसान आंदोलन किया जायेगा।

### आंदोलन में ये रहेंगे शामिल

आंदोलन में मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केन्द्रीय मंत्रीआरूण यादव, पूर्व गृह मंत्री बाला बच्चन, पूर्व मंत्री व विधायक सचिन यादव जी, विधायक प्रताप ग्रेवाल जी, सुरेन्द्रसिह हानी बघेल जी, डॉ. हिरालाल अलावा जी, श्री भंवरसिंह शेखावत जी, पूर्व विधायक पांचीलाल मेडा जी, श्रीमति झूमा सोलंकी जी, श्री सचिन यादव जी, श्री केदार डावर जी, श्री मोन्टू सोलंकी जी, श्री राजन मण्डलोई जी, श्रीमति सेना महेश पटेल जी, विक्रांत भूरिया जी, आदि विधायक इस आंदोलन में शामिल रहेगे साथ ही इस आंदोलन में धार, खरगोन, खण्डवा, बुरहानपुर, बडवानी, अलीराजपुर, झाबुआ जिले के कांग्रेस नेता कार्यकर्ता व किसान उपस्थित रहेंगे।